# कोरोना काल में देश-विदेश से मिले 47572 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के एमएसएमई, निवेश और निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि कोरोना काल में किए गए प्रयासों के कारण 47,572 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनमें घरेलू निवेशकों के 37,714 करोड़ रुपये और विदेशी निवेशकों के 9,858 करोड़ रुपये के प्रस्ताव शामिल हैं। उन्होंने इन निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए विशेष सचिव औद्योगिक विकास मुथु स्वामी को नोडल अधिकारी नामित किया है। ये बातें सिद्धार्थनाथ सिंह ने बुधवार को खादी भवन में आयोजित इन्वेस्ट यूपी की उप समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि कनाडा से 1746 करोड़ रुपये के निवेश के दो प्रस्ताव मिले। इनमें से इकाघाटा कंपनी ग्रेन इन्फ्रास्ट्रक्चर इक्विपमेंट के लिए 746 करोड़ और मेडिकॉम ग्रुप जेवर में 1,000 करोड़ का निवेश कर पीपीई किट, मास्क और ग्लव्स बनाने का प्लांट लगाएगी। इसी तरह जर्मनी की चार कंपनियां लाइटिक बॉन वेलेक्टस इंडिया लि. फुटवेयर, स्विंग स्टेटर इंडिया लि. हैवी मशीनरी, जॉक टेक्नोलॉजी पावर प्लांट और उप्पल आईटी प्रोजेक्ट प्रा. लि. आईटी क्षेत्र में निवेश करेंगी। इनके अलावा हांगकांग की सॉन-फान कंपनी ग्रेटर नोएडा में 1000 करोड़ रुपये से सोल्डर वायर के क्षेत्र में निवेश करेगी। सिंगापुर की आरबीडीवी प्रा. लि. नोएडा में 1,500 करोड़ रुपये का निवेश करके डाटा सेंटर की स्थापना करेगी। यूके की ट्रिनिटी नेचुरल गैस प्रा. लि. कंपनी जेवर एयरपोर्ट के पास 1000 करोड़ रुपये का लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग के क्षेत्र में निवेश करेगी। यूके की ही एसोसिएटेड ब्रिटिश फूड कंपनी मध्यांचल में 375 करोड़ का निवेश करके यीस्ट और बेकरी का प्रोसेसिंग प्लांट लगाएगी।




**मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने इन्वेस्ट यूपी के तहत मिले प्रस्तावों की समीक्षा की**

निवेश प्रोत्साहन मंत्री ने कहा कि घरेलू निवेशकों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. सुमेरपुर में डिटरजेंट और वाशिंग पाउडर उत्पादन के क्षेत्र में 700 करोड़ का निवेश करेगी। इंडोस्पेस कैपिटल एडवाइजर लि. 1000 करोड़ की लागत से एनसीआर क्षेत्र में डाटा सेंटर खोलेगी। अंकुर उद्योग गोरखपुर में स्टील उत्पादन के क्षेत्र में 351 करोड़ का निवेश करेगी। हिंदुस्तान फूड लि. पूर्वांचल में 100 करोड़ की लागत से डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट लगाएगी। इसी प्रकार ट्रेड प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया 1000 करोड़ रुपये का निवेश फर्नीचर क्लस्टर के क्षेत्र में करेगी। वहीं, वीके मोदी ग्रुप रामपुर में 1000 करोड़ का निवेश हाईटेक प्रीसीजन इक्विपमेंट लगाने में करेगा। अडानी ग्रुप एनसीआर क्षेत्र में 1500 करोड़ की लागत से डाटा सेंटर की स्थापना करेगी। मैकमैन मेडिकल प्रा. लि. एनसीआर क्षेत्र में ही 7400 करोड़ का निवेश करके मेडिकल डिवाइस बनाने का प्लांट लगाएगी। साथ ही मुंबई भ्रमण के दौरान आए प्रस्तावों पर अमल के लिए भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास आलोक कुमार एवं अपर मुख्य सचिव एमएसएमई डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि सभी निवेश प्रस्तावों पर तेजी से काम चल रहा है। अधिकतर निवेशकों को जमीन आवंटित कराने के कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।